हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 23 जनवरी 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



फोटो: संजय पांडेय

**अभूतपूर्व उत्साह : अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा समारोह पर दिवाली की तरह दिखा दुर्ग-भिलाई में नजारा**

# राममय हुई ट्विनसिटी, रामलला के गूंजे जयकारे

*अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर ट्विनसिटी में भी भक्ति का ज्वार उमड़ा। पूरा शहर राममय हो गया और दिवाली की तरह जगमग और उल्लास का नजारा दिखा। मंदिरों से लेकर चौराहों और घरों तक लहराती धर्मध्वजाओं के बीच रामनाम के जयकारे की गूंज रही। इस अवसर पर शहर में जगह जगह विविध धार्मिक कार्यक्रम हुए। भिलाई में सोमवार अद्भुत भक्तिमय माहौल नजर आया। अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा समारोह शहर भी राम की भक्ति में रंगा रहा। प्राणप्रतिष्ठा के अलौकिक और ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए पूरा शहर भावविभोर दिखा। पटरीपार और टाउनशिप के सभी मंदिरों और चौराहों को सतरंगी झालरों और फूलों, वंदनवार और स्वागत द्वारों से सजाया गया था। चारों ओर भगवा ध्वज लहरा रहे थे। इस अवसर पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। जो देररात तक चलती रही।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई/दुर्ग

लोग भक्ति के आनंद और उल्लास में जयघोष करते नाच रहे थे। जैसे ही अयोध्या में सुबह 11 बजे प्राणप्रतिष्ठा का शुभ समाचार आया मंदिरों और घरों में भजन पूजन के साथ दीये जलाए गए। अधिकतर धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना के भजन कीर्तन के साथ सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जगह जगह भंडारे के भी आयोजन हुए।

शहर में शायद ही ऐसा कोई मंदिर होगा, जहां भंडारा न हुआ हो। वहीं कई मंदिरों से शोभायात्राएं निकाली गईं। सेक्टर 6 बम्लेश्वरी मंदिर व सेक्टर 9 हनुमान मंदिरशीतला मंदिर सुपेला दस हजार दीये प्रज्वलित किए गए । वहीं बैकुंठधाम कैंप में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन द्वारा प्राणप्रतिष्ठा पर भव्य आयोजन किया गया। दीपोत्सव के साथ मड़ई मेला का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। सुपेला, आकाशगंगा परिसर, लक्ष्मीनगर, कोहका, कैंप, खुर्सीपार, नेहरु नगर आदि कालोनियों सहित टाउनशिप के सभी सेक्टरों और इनसे लगी बस्तियों और कालोनियो के मंदिरों में भजन पूजन के साथ भंडारे में हजारों लोग शामिल हुए।

शहर के कई बड़े मंदिरों मे अयोध्या का प्राणप्रतिष्टा समारहो का सीधा प्रसारण किया गया। इसके लिए एलईडी टीवी व बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। प्राणप्रतिष्ठा की पूजा देख कई लोग श्रद्धा दीये जलाकर जयघोष के साथ पूजा करते दिखे।







## भक्तिमय हुआ बैकुंठधाम व शिवधाम

प्राणप्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में शहर में कुछ स्थानों पर भव्य आयोजन हुए। बैकुंठधाम में विधायक रिकेश सेन द्वारा रघुनंदन वंदन का शहर के सबसे भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय थे। इस अवसर पर भव्य मड़ई मेला और दीपोत्सव के तहत हजारों दीये जलाए गए। मेले में हजारों लोगों ने झूलों व व्यंजनों को लुत्फ उठाया। शाम को रामभक्तों ने हजारों दीये जलाए और संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री पांडेय ने अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भगवान राम हमारी आत्मा व संस्कृति है। मुख्य आयोजक रिकेश सेन ने कहा कि पीएम मोदी ने अयोध्या में राममंदिर की प्राणप्रतिष्ठा करवा कर रामलला को टैंट से मंदिर में विराजित कर पुण्य का बड़ा काम किया है। बैकुंठधाम के अलावा शिवधाम सेक्टर 7 में भी 11 हजार दीये जलाकर पूजा की गई। पार्षद लक्ष्मीपति राजू सहित अनेक लो उपस्थित थे। खुर्सीपार मे बोलबम समिति के अध्यक्ष दयासिंह ने घरों में दीया बाती व तेल बंटवाए। शाम को दीये जलाकर राममंदिर की खुशियां बांटी की गईं।

## शाम होते ही सजीं दीपमालाएं

रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर भिलाई में दिवाली की तरह नजारा दिखा। शाम होते ही मंदिरों और घरों के आंगन में दीपमालिकाएं सजने लगीं। महिलाएं और बच्चियों ने आंगन में आकर्षक रंगोली सजाई फिर दीये जलाए । टाउनशिप और पटरीपार के वार्डों में जगमगाते दीयों से लोगों को लगा कि तीन महीने बाद फिर से दीपावली का त्योहार आ गया है। मंदिरों में भी दीये जलाए गए। शीतला मंदिर रिसाली, हनुमान मंदिर सेक्टर 6 ए मार्केट, शिव मंदिर सेक्टर 6 बी मार्केट, दो हनुमान मंदि, सेक्टर नौ मनोकमानेश्वर मंदिर व शिव मंदिर हुडको आदि में हजारों दीये जलाकर पूजन हुआ। इस अवसर पर अनेक मंदिंरों में भजन संध्या और कीर्तन आदि कार्यक्रम हुए। इनका हजारों लोगों ने आनंद उठाया। शहर के विभिन्न वार्डों के मंदिरों में भंडारे के आयोजन किए गए। शहर में छोटे बड़े करीब तीन हजार मंदिर हैं। इनमें अधिकतर में हुए भंडारों में हजारों लोग ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सांसद विजय बघेल ने की महाआरती



सिविल लाइन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध साईं बाबा मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विशेष आयोजन किए गए। रामलला के महाआरती में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने महाआरती कर श्रद्धालुओं को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर बधाई दी। महापौर धीरज बाकलीवाल, कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू, पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे थे। शाम को 501 की संख्या में दीपक प्रज्वलित कर मंदिर में दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में साईं मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, संतोष यद्दु, रोमनाथ साहू, ऋषिकांत तिवारी, प्रकाश शिवणकर, जयंत खिरोडकर, अजय सुरपाम, विनय चंद्राकर, मुरलीधर रावत आदि उपस्थित थे।

## महापौर शोभायात्रा में हुए शामिल



नगर निगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल ने सुबह गांधी चौक स्थित भगवान श्रीराम मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। उसके बाद लंगूरवीर मंदिर में रामभक्त हनुमान का दर्शन करने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा कसारीडीह स्थित रामजानकी मंदिर में आयोजित प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। बाकलीवाल ने महाराजा चौक से निकाली गई प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। ग्रीन चौक में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुए।

**समारोह का सीधा प्रसारण:** जिला प्रशासन द्वारा रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को शहरवासियों को दिखाने सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। जिसके तहत कसारीडीह स्थित राम जानकी मंदिर के सामने प्रोजेक्टर व टीवी लगाए गए थे। दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व मंत्री रामशिला साहू, जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, सुरेंद्र कौशिक, राजेंद्र कुमार पाध्ये, डॉ. सुनील साहू, माया बेलचंदन, भाजपा नेता चतुर्भुज राठी, अल्ताफ अहमद आदि उपस्थित थे।

## पटाखों की गूंज के साथ मनी दिवाली

### हलवा और पूड़ी का भोग

मंदिरों में रामलला के पूजन के बाद खीर, पूड़ी और हलवा का भोग लगाया गया था। जिसे प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरित किया गया। शहर के पुराना बस स्टैंड में चने की सब्जी का प्रसाद, गांधी चौक राम मंदिर में सूजी का हलवा वितरित किया गया। यहां राम के प्राण प्रतिष्ठा का प्रसारण दिखाने एलईडी लगाया गया था। वहीं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर नया बस स्टैंड, सर्व हिन्दु समाज द्वारा जिला अस्पताल के सामने भंडारा और रामायण कराया गया। इंदिरा मार्केट बाजार में व्यापारियों द्वारा आधा दर्जन चौराहों पर हवन कराया गया।



### मंदिर भगवा रंग से नहाया

सीताराम पंचायती मंदिर गांधी चौक, राम जानकी मंदिर रेलवे स्टेशन, किला मंदिर तमेरपारा, राम जानकी मंदिर बड़ा मठ चंडी चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर पोलसायपारा, राम जानकी मंदिर अग्रसेन चौक, चंडी मंदिर चंडी चौक, लंगुरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, पंचमुखी हनुमान मंदिर ब्राह्मणपारा, दुर्गा मंदिर सत्तीचौरा, रामदेव बाबा मंदिर गंजपारा, राम जानकी मंदिर कसारीडीह, साईं बाबा मंदिर कसारीडीह, सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन के अलावा शहर के अन्य मंदिरों में विशेष विद्युत साज-सज्जा की गई है।



### अस्पताल में जन्मे 10 बालक और 5 बालिका



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन बच्चों के जन्म को लेकर परिजनों में खास उत्साह बना रहा। उनके जन्म के बाद परिजनों की खुशी दुगुनी हो गई। जिला अस्पताल कि डॉ. विनीता ध्रुवे ने बताया कि बारह केस नार्मल और तीन डिलीवरी आपरेशन से किया गया। इसके साथ ही डॉ. ध्रुवे पिछले दो साल से अब तक 64 जुड़वा बच्चों की डिलीवरी कराई है। सोमवार को डिलीवरी कराने में डॉ. यू देवांगन, डॉ. रिमपाल, डॉ. राकेश, एनेस्थेसिया सिस्टर ममता शर्मा, ममता यादव, रचना का योगदान रहा।

## एक दौड़ बेटियों के नाम कल

**भिलाई।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 24 जनवरी के उपलक्ष्य पर एक दौड़ बेटियों के नाम आयोजित है। बालिकाओं के मध्य उच्च शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाकर खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक दौड़ बेटियों के नाम आयोजित किया जा रहा हैं। 24 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सेक्टर-9 चौक से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर चौक से पुनः सेक्टर 09 चौक में आकर समापन होना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित इस दौड़ के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल व अध्यक्षता राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पांडेय करेंगी। विशेष अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, भूपेश बघेल, देवेंद्र यादव, महापौर ननिभि नीरज पाल, जिपं अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव रहेंगे।

**टाटा एस से बाइक टकरा जाने से विवाद**

# छात्र की चाकू घोपकर हत्या, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



मामूली विवाद के बाद स्कूली छात्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने चंद घंटो में एक नाबालिग समेत पांच को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 147, 148, 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि रविवार की रात शारदा पारा छावनी निवासी संतोष साव अपनी टेंटवाली वाहन को आगे पीछे कर रहा था। तभी मोहल्ले कुछ युवक बाइक आए और उसकी टाटा एस के पीछे टकरा गये। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा तभी एक नाबालिग और चार युवकों ने संतोष साव और उसके नौकर गज्जू निर्मलकर से मारपीट करना शुरु कर दिया। विवाद होता देख शिवम साव 17 वर्ष छुड़ाने के लिए गया था। इस दौरान शिवम साव को पेट चाकू मार दिया। इसके अलावा गज्जू को भी चाकू से हाथ में चोट आई है। चाकू लगने के बाद शिवम को गंभीर अवस्था में सुपेला के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। जहां उपचार के दौरान शिवम की मौत हो गई। मृक शिवम शकुंतला विद्यालय में 12 वीं का छात्र था।

बताया जा रहा है कि राहुल प्रजापति नामक युवक के साथ 6 माह पहले कैम्प स्थित चटाई क्वार्टर में बाबा नामक युवक पर प्राण घातक हमला किया था। घटना में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### हत्या के आरोपी गिरफ्तार

हत्या मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टेंट के वाहन से बाइक टकरा जाने को लेकर हुआ था विवाद। उसके बाद युवकों ने धारदार हथियार से हत्या कर फरार हो गए थे। पुलिस ने चंद घंटो में सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

-अभिषेक झा, एएसपी शहर

### हत्या होने का कारण

शिवम साव के चचेरे बड़े भाई करण साव के मुताबिक उनका संजय टेंट हाउस है। रविवार शाम साहू लकड़ी टाल के पास पप्पू चौक में टेंट का सामान लोड कर रहे थे। तब टाटा एस को सड़क के किनारे खड़ा किया गया था। इसी दौरान पप्पू, अनिकेत, राहुल बाइक से पहुचे और टाटा एस से भिड़ गए। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर विवाग हुआ। विवाद के बाद तीनों युवक निकल गए। घटना के दो घंटे बाद 9 बजे चंद्रेश, सुमित, अनिकेत , अनीष, राहुल चाकू, डंडे से लैश होकर पहुचे थे। विवाद के बाद पहले युवकों ने गज्जू निर्मलकर और शिवम से विवाद करने लगे। गज्जू को हाथ में चोट आई है। घटना को देख लोगों ने युवकों को दौड़ाया तो सभी फरार हो गए। फिर आरोपियों को शिवम साव देख उन्हें दौड़ाने लगा। शिवम को अकेला पाकर युवकों ने पेट में चाकू घोंप दिया।

## बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के दो युवको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि एसीसीयू , छावनी, जामुल, भिलाई तीन, भिलाई नगर की टीम को सूचना मिलने पर मकान 50 एफ सड़क 16 सेक्टर 2 निवासी किशन देवांगन नंदनी रोड में चोरी की गई बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। टीम ने किशन को नंदनी रोड़ में घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के निशानदेही पर बाइक जप्त किया गया। इसके अलावा कंटेक्टर कालोनी सुपेला निवासी शेखर विश्वकर्मा सेक्टर 6 ए मार्केट से बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में था। जिसे भी पुलिस गिरफ्तार किया है। बाइक के दस्तावेज को लेकर पूछताछ की गई लेकिन उसके पास वैद्य दस्तावेज नहीं मिला।

# अनाज दुकान, ताला टूटा 2 लाख का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अनाज दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि गंजपारा में स्थित चांदमल जैन स्टोर्स में बीती रात अज्ञात ने ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक दीपक जैन ने बताया कि रोज की भांति रविवार को भी दुकान में ताला जड़कर अपने घर चले गए थे। सुबह वापस दुकान खोलने पहुचे तो ताला टूटा पड़ा मिला। दुकान के भीतर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।



■ सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ चोर

चोरी करते हुए दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरी का सारा वारदात कैद हो गया है। चोरी करते समय चोर चेहरे पर कपड़े बांध रखा था। दुकान में वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। दुकान से 2 लाख का सामान और कैश भी चोरी होना बताया गया है। लगातार चोरी से एसीसीयू की टीम फिसड्डी साबित हो रही है। दुर्ग कोतवाली पुलिस फूटेज से आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप



### रौशनी से जगमगाया पार्श्वतीर्थ नगपुरा

दुर्ग। अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा दुर्ग मे सभी मंदिरों के साथ ही सम्पूर्ण तीर्थ परिसर को विद्युत प्रकाश से सजाया गया है। राष्ट्रीय धरोहर, सांस्कृतिक विरासत अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया के सुझाव पर प्रबंधन के सभी ट्रस्टियों ने 1 से 22 जनवरी तक सम्पूर्ण परिसर को रोशनी करने का निश्चय किया था। श्री गजराज पगारिया ने बताया कि अयोध्या की पावन भूमि जैन धर्मावलंबीयो के लिए प्रणम्य हैं। सरयू व घाघरा नदी के तट पर बसे अयोध्या को जैनत्व एवं हिन्दुत्व संस्कृति में गौरवशाली स्थान प्राप्त है। शास्त्रों में अयोध्या तीर्थ का प्राचीन नाम इक्ष्वाकुभूमि कौशल, विनिता, अवध, रामपुरी, साकेतपुरी भी उल्लेखित है। जैन शास्त्रो के अनुसार ऋषभदेव प्रभु ने इसी स्थल पर इक्ष्वाकु वंश की स्थापना की थी। प्रथम राजा बनें। प्रभु ने यहीं पर सबसे पहले असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प व वाणिज्य इन छैः कर्मों का ज्ञान समाज को दिया था।

### रक्तदान शिविर में 19 यूनिट ब्लड एकत्रित

दुर्ग। दुर्ग जिला रक्त केन्द्र के द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। 20 जनवरी को दुर्ग जिला देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी आश्रम बघेरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 19 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी डॉ नेहा नलवाया के नेतृत्व में डॉ पीयूष गायक, डॉ दिनेश प्रजापत, एंथोनी, रोशन सिंह, रूपेश सर्पे, तरूणा रावत, तीरथ, तरनुम्म आदि मौजूद थे।

### किरण व लक्ष्मी गणतंत्र दिवस परेड में होंगी शामिल

दुर्ग। नगर पालिक निगम की दो स्व सहायता समूह की महिला 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड समारोह में शिरकत करेंगी। चयनित स्व. सहायता समूह की श्रीमती किरण साहू एवं श्रीमती लक्ष्मी जांगड़े पिछले कई वर्षों से नगर निगम के जीरो वेस्ट सेंटर में सफाई सुपरवाइजर का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने मिशन क्लीन सिटी योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया है, जिसके तहत इनका चयन भारत सरकार की ओर से किया गया है। इन दोनों स्व. सहायता समूह की महिला को गणतंत्र दिवस परेड में विभागीय खर्च पर दिल्ली ले जाया जाएगा। उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए केंद्र सरकार ने आमंत्रित किया है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शुभकामनाएं दी है।

### सुखेन्द्र बने लिपिक

दुर्ग। जिला शिक्षा विभाग में मुख्य लिपिक के पद पर डीईओ अभय जायसवाल द्वारा सुखेन्द्र कुमार देवांगन सहायक ग्रेड दो को मुख्य लिपिक का प्रभार दिया है, वही अनुकंपा नियुक्ति शिकायत एवं स्थापना राजकुमार राजपूत सहायक ग्रेड तीन को प्रभार दिया गया है।

### एक दिन में तीस आंखों का आपरेशन

दुर्ग। जिला चिकित्सालय दुर्ग में डॉ. संगीता भाटिया एवं डॉ. कल्पना जैफ द्वारा 19 जनवरी को सर्वाधिक 30 आँख के आपरेशन संपादित किया गया। जिसमें 27 मोतियाबिंद के आपरेशन, 3 अन्य आंख के आपरेशन संपादित किये गये। डॉ. अरूण कुमार साहू, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने उपरोक्त सफल पर नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।


## निधन

### सरयू बाला विश्वास

दुर्ग। आदर्श नगर दुर्ग निवासी श्रीमती



सरयूबाला विश्वास उम्र 85 का निधन सोमवार को हो गया. उनका अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर 11.00 को शिवनाथ मुक्ति धाम में किया जायेगा। वह शंकर और संजय की माता थी।



दुर्ग। गंज चौक में लगाया श्रीराम जी का कट आउट।





## उत्साह : भगवा रंग में रंगा शहर, सुबह से भंडारा और प्रसादी वितरण

# अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का भक्तों ने देखा लाइव प्रसारण

दुर्ग। मस्तक पर तिलक का ललाट और रामलला के स्वागत की खुशी हर भक्तों के चहेरे पर नजर आ रहा था। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में खुशियों की लहर उठ रही थी। रामलला की एक झलक पाने लोग घर में टीवी और मंदिरों में एलईडी पर टकटकी लगाए हुए थे। राम की आशीर्वाद के रूप में लोगों ने भंडारा में प्रसादी लिया और रात को भजन और आतिशबाजी से दीवाली मनाया। राम के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में दुर्ग शहरवासियों ने दीवाली मनाई। शाम होते ही घरों के सामने रंगोली और दीपक से शहर जगमगा उठा। सुबह से ही शहर के मंदिरों में भंडारा और प्रसादी वितरण की कडी चलती रही।

### आप पार्टी ने कराया सुंदर कांड का पाठ



सोमवार को आम आदमी पार्टी के द्वारा पूरे देश में सुंदरकांड का पाठ अपने-अपने क्षेत्र में करने की तय कार्यक्रम के तहत आम आदमी पार्टी दुर्ग जिला के दुर्ग विधानसभा कार्यालय में डॉक्टर एसके अग्रवाल दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष तथा पूरी टीम आरटीआई विंग प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह के नेतृत्व में आज पार्टी कार्यालय में सभी कार्यकर्ताओं के साथ सुंदरकांड का पाठ करवाने का निर्णय लिया और आज शुभ अवसर पर सुंदर काण्ड का पाठ करवाया गया। इस दौरान राहुल ताम्रकार, मेहरबान सिंह, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, रजत पांडे, हरचरण सिंह, शिवरायुडु, छवि, संदीप, बलदेव साहू, जीतू निषाद, संजीत विश्वकर्मा, उमेश उपाध्याय, अजय रामटेके आदि उपस्थित थे।

### मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन



जिला प्रशासन द्वारा कसारीडीह स्थित श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में श्री राम चरित मानस गायन का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। विधायक गजेन्द्र यादव, संभागायुक्त एसएन राठौर, आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी आरजी गर्ग सहित अन्य अधिकारी और नगरवासी मानस गायन का श्रवण किये। आयोजन में आनंद धारा मानस मंडली मालूद, सांई मानस परिवार अण्डा, उपासना मानस मंडली करेला, रघुनाथ मानस मंडली परसाही और जय मानस मंडली दारगांव धमधा नें राम चरित मानस का सूमधुर भक्तिमय प्रस्तुती दिये। मौके पर मंदिर परिसर में नगरवासियों नें 5100 दिप प्रज्वलित कर मंदिर को रोशनी से जगमग किये।

### कसारीडीह में लगाया गया एलईडी



अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रमोत्सव के अवसर पर कसारीडीह स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का सीधा प्रसारण किया गया तथा दीप प्रज्जवलन किया गया। इस बार भी अयोध्या में भोग प्रसाद बटेगा भगवान को भोग लगाई जाएगी, उसमें छत्तीसगढ़ का चावल गया हुआ है। आज पूरे भारत में दीपावली जैसा माहौल बना रहा। इसी प्रकार विकासखण्ड धमधा के ग्राम बरहापुर, दुर्ग के ग्राम नगपुरा एवं पाटन विकासखण्ड के ग्राम लोहरसी के मंदिरों में भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा सहित आम नागरिक और अफसर उपस्थित थे।

### हैलो के जगह जय श्रीराम, सोशल मिडिया में खुशी

आयोध्या में राम के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में लोग मोबाइल में हैलो के जगह जय श्रीराम का उपयोग करने लगे हैं। सोमवार को लोगों में इस कदर उत्साह दिखा कि, लोग एक-दूसरे को जय श्रीराम कहते नजर आए। शहर के हर घर के सामने भगवाध्वज और राम को दीपक के जगमगाहट से दीवाली मनाई गई। ठंगडा बांध में इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया था। सोशल मिडिया में लोग मैसेज भेजकर खुशी इजहार करते रहे।

### राम के आदर्श पर चले-विधायक

विधायक श्री यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को सभी सनातनियों के लिए गौरवान्वित होने की बात कही। उन्होंने आज के दिन को एतिहासिक दिन निरूपित करते हुए, लोगों को श्री रामचन्द्र जी के व्यक्तित्व को आत्मसात कर जीवन को उज्वल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### जमकर फूटे पटाखे, छाया रहा भगवा वस्त्र

राम के स्वागत का असर रात को साफ दिखाई दे रहा था। राम होते ही आतिशबाजी से शहर गूंज उठा। इस आतिशबाजी ने दीपावली पर्व की याद ताजा कर दी। शहर में हर तरफ हर एक सेकंड में पटाखों की गूंज सुनाई देती रही। सुबह से ही पटाखों की दुकानों में जबरदस्त मांग बनी रही। इधर सोमवार को मंदिरों में आयोजक और यहां तक श्रध्दालु भी भगवा रंग के वस्त्र में नजर आए।

## आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्डो में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

■ किराना व जनरल स्टोर पर लगाया अर्थदंड



निरीक्षण के दौरान नागरिकों से सफाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राहुल के अलावा स्वच्छता अमला मौजूद रहें। निरीक्षण उपरांत वार्डों में कीटनाशक व दुर्गन्धनाशक दवाई का छिड़काव करने कहा गया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा सफाई कार्य में लापरवाही बरतने व अनुपस्थित रहने पर संबंधित सफाई कर्मी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। निगम सफाई अमला युद्धस्तर पर सफाई कराई जाए। साथ ही नागरिकों सहित व्यवसायियों को से फिट बैक ले। आयुक्त द्वारा ग्रीन चौक पर स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई। खत्री किराना एवं जनरल स्टोर पर 500-500 की अर्थदंड की कार्यवाही की गई। उसके बाद वार्ड क्रमांक 12 पहुंचकर साफ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर को हटाया

दुर्ग। तहसीलदार बोरी द्वारा विगत दिवस सेवा सहकारी समिति मर्या. लिटिया पंजीयन क्रमांक 2511 के उपार्जन केन्द्र लिटिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान टोकन जारी करते समय शासन द्वारा निर्देशों का युक्तियुक्त पालन किया जाना नहीं पाया गया। जिला सहकारी केन्द्री बैंक मर्या. दुर्ग के बोरी शाखा के पर्यवेक्षक ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, धान खरीदी केन्द्र लिटिया में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर अरवेन्द्र कुमार साहू को कर्तव्यों की उचित निर्वहन नही करने के कारण दायित्व से पृथक कर दिया है। साथ ही सहायक समिति प्रबंधक लतेश कुमार साहू को कम्प्यूटर ऑपरेटर का दायित्व सौंपा है।

### बालिका दिवस पर-एक दौड़ बेटियों के नाम

दुर्ग। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना'' अंतर्गत 24 जनवरी 2024 के उपलक्ष्य पर ''एक दौड़ बेटियों के नाम'' आयोजित है। इस कार्यकम का उद्देश्य बालिकाओं के मध्य उच्च शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाकर खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ''एक दौड़ बेटियों के नाम'' आयोजित किया जा रहा हैं। उक्त दौड़ 24 जनवरी 2024 को प्रातः 8.00 बजे से सेक्टर 09 चौक से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर चौक से पुनः सेक्टर 09 चौक में समापन होगा।

## घनश्याम कन्या कॉलेज में यौन शिक्षा पर दिया गया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में विगत दिनों अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. शिवानी बंसल द्वारा यौन शिक्षा पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य नीतू सिंह, सभी संकाय की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापिका, कर्मचारीगण एवं सभी छात्राएँ उपस्थित रही। मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा व उपहार देकर किया गया। तत्पश्चात यौन शिक्षा आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को यौन शिक्षा आदि से संबंधित विचारों को खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्राओं एवं सहायक प्राध्यापिकाओं द्वारा पूछे गए समस्याओं का भी निराकरण किया। कार्यक्रम का संचालन, सहायक प्राध्यापिका, जूली सोनछात्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## छात्रों ने प्रतियोगिता में दिखाया बढ़-चढ़कर हुनर

# दुल्हन सजाओ स्पर्धा में छात्राओं का दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाड्र्धिक प्रतियोगिता के तहत दुल्हन सजाओ स्पर्धा हुई। प्रभारी

■ विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत


प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया।
दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल तथा अन्य प्रांतों की संस्कृति से ओत-प्रोत दुल्हन श्रृंगार की बेहतरीन प्रस्तुति दी। साथ ही गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित वेल्यू एडेड कोर्स के सत्रावसान अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन मुख्य पुरस्कार विजेता श्रीमती जूही व्यास थी।



दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में एमएससी प्राणीशास्त्र की कु. प्रज्ञा वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय कु. श्रुति आदित्य एवं तृतीय स्थान पर बीए भाग-1 की कु. हिमांशी रही।

कु. तोशी साहू को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायकों में पूर्वी ओसवाल, खुशी सरूप एवं सोनिम श्रीवास्तव थीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर का शुभारम्भ किया गया। जिसमें ब्यूटी पार्लर की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। कौशल विकास की दिशा में गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

## नए मतदाता को जोड़ने चलाया गया अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 25 जनवरी 2024 को नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जुड़ने के लिए शुक्रवार को अहिवारा स्थित महाविद्यालय में भाजयुमो जिला महामंत्री मुकेश सोनकर की विशेष उपस्तिथि में पहली बार मतदान करने वाले युवक, युवतियों को इस महाअभियान से जोड़ कर राष्ट्रहित में मतदान करने हेतू प्रेरित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भाजयूमो प्रदेश पदाधिकारी आशीष कुमेटी, विशेष आमंत्रित सदस्य अभिषेक सिंह पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हरि वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवेश शर्मा, महामंत्री नागेश साहू, शिव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, साहिल खान, मंत्री प्रवीण शर्मा, कीर्ति साहू, शैलेंद्र अग्रवाल, भोजराज साहू, राहुल वर्मा युवा मोर्चा के साथीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भगवा हुआ अरसनारा हुआ प्रसाद वितरण

**भिलाई।** अरसनारा ननकट्टी में सोमवार को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भगवान महावीर मंदिर, दुर्गा मंदिर और शीतला मंदिर एवं भगवान भोलेनाथ मंदिर में खिचड़ी और बूंदी का प्रसाद पूरे गांव में वितरित किया गया। साथ ही भगवान महावीर के मंदिर में सुंदरपाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस संबंध में गांव के दाऊ भोपाल सिंह ने बताया कि शाम 6 से 9 बजे तक बजरंग अखाड़ा दल मंडली अरसनारा द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिससे गांव वातावरण राममय हो गया। इसके अलावा दीपावली की तरह गांव में दीप जलाकर उत्सव मनाया गया।

## निधन

### ताराचंद जोशी

**भिलाई।** हुडको एचआईजी 14 भिलाई निवासी उत्तराखंड



सांस्कृतिक मंडल भिलाई के पूर्व अध्यक्ष ताराचंद जोशी उम्र 90 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे गीता जोशी के पति एवं सौमित जोशी, शैलजा तिवारी, रिचा जोशी के पिता थे।

### वी. नरसैय्या

**भिलाई।** सेक्टर- 7, क्वार्टर - 24/एफ निवासी वी. नरसैय्या उम्र



76 वर्ष का निधन 22 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 24 जनवरी को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरू नगर के लिए निकलेगी। वे वी. एस्केल डेविड व डी. ज्योति के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### उषा कमलाकर खानखोजे

भिलाई। 4/49 सेक्टर 10 निवासी उषा कमलाकर खानखोजे उम्र 84



वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 जनवरी को 12 बजे निवास स्थान से रामनगर के लिए निकलेगी। वे श्रीरंग खानखोजे एवं अनिता शिरपुरकर की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गई है।

### जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा वातावरण, जगह-जगह हुआ महाभंडारे का आयोजन

# रामोत्सवः दीपों से जगमग हुए घर आंगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक गांव में दिपावली जैसा उत्सव राम भक्तों ने मनाया।

इसी तारतम्य में जामगांव आर में भव्य कलश यात्रा मां शीतला मंदिर से निकली जो नगर के सभी गली मोहल्लों से होते हुए समारोह स्थल बाजार चौक कला मंच पहुंची। समारोह में सन 1992 अयोध्या मंदिर कार सेवा यात्रा में गए ग्रामीणों का सम्मान हुआ।

समाजसेवी कामता प्रसाद साहू दवरा 50 से अधिक ग्रामीणों को शॉल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर घर घर दीप जलाकर, महाआरती के बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया।

आयोजन में प्रोजेक्टर द्वारा समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में अयोध्या में राम लला प्राणप्रतिष्ठा आयोजन का लाइव प्रसारण देखा गया। जिसके बाद ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला सरपंच राजकुमार ठाकुर, समस्त ग्रामवासी एवं अंगेश्वर साहू व त्रिवेणी साहू सपत्निक विधिवत कलश पूजन कर सभी के खुशहाली की कामना की। जामगांव आर का नजारा दीपावली सा बना रहा।

राम मंदिर निर्माण का संकल्प लेकर आयोध्या जाकर 6 दिसंबर 1992 को कार सेवा भागीदार बनने गए जामगांव आर निवासी कन्हैया लाल साहू, कचरा बाई निर्मलकर, शांति बाई भिंगज, जनक राम साहू, छन्नू लाल साहू, जीवलोखन चंद्राकर, कोमल साहू, बुधियारीन साहू सहित मरणोपरांत स्व. दयालु चंद्राकर, स्व.इंद्र कुमार शर्मा, स्व .झूलन बाई साहू, स्व .पुनई बाई साहू, स्व जाम बाई मराठा का सम्मान आयोजन समिति जामगांव आर द्वारा किया गया। समाज सेवी कामता प्रसाद साहू ने फुलू बाई निर्मल, शांति पटेल, कुंवर जयपाल साहू, जगौतिन्न साहू, पंच बाई साहू, फिरन निर्मल सहित 50 अधिक लोगो का सम्मान किया।

### गली मुहल्लों में राम दरबार के झांकियों की हुई प्रस्तुति



### हनुमान मंदिर में सामूहिक यज्ञ

निकुम। श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर निकुम के हनुमान मंदिर में रुद्राभिषेक, चोला बंदन कर सामूहिक सत्यनारायण पूजा, अर्चना व रामायण पाठ किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कर महाप्रसादी बांटी गई। शाम को घर-घर रंगोली व 5 दीपों से आंगन सजाकर खुशियां बांटी गई।

### प्रभु राम की आरती कर मनाई दिवाली



**निकुम।** ग्राम भोथली में ग्रामीणों द्वारा रामनाम संकीर्तन भजन पर झूमते नाचते हुए घर-घर प्रभु राम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी की आरती उतारी गई। भोथली में पीपल वृक्ष में विराजित हुनमान महाराज की पूजा-अर्चना कर प्रसाद बांटी गई। जिसमें मुख्यरुप ग्राम सरपंच भोथली सुरेश साहू, पुनारद साहू, हरिश सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### राममय हुआ सेलूद, निकाली गई कलश यात्रा

**सेलूद।** सोमवार को ग्राम सेलूद सहित आसपास के गांव में हर्ष का माहौल दिखाई दिया। हर जगह जय श्रीराम के जयकारे से आसमान गुंजता रहा। सभी जगह



दीपावली जैसा माहौल दिखाई दिया। सेलूद में बजरंग चौक स्थित बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाजे- गाजे के साथ विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर में कलश धारण कर गाँव का भ्रमण किया। इस दौरान राम दरबार, रामायण ग्रंथ, राम सीता, लक्ष्मण हनुमान की सवारी, अखाड़ा, राउत नाचा, सुवा नृत्य, पंथी नृत्य, खेल जवारा, गौरा गौरी सहित बारामासी त्योहारों की प्रस्तुति सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। समीपस्थ ग्राम अचानकपुर व लोहरसी में भी कलश यात्रा निकालकर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। ग्राम छाटा में इस मौके पर राधा कृष्ण प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा की गई। शाम होते ही लोगो ने अपने घरों को दीपावली के जैसे दीप जलाकर घरों को रोशन किया। ग्राम पंचायतों में अयोध्या में हुए मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण देखा गया। इस दौरान फल, महाभोग में खीर, पुड़ी के साथ आम लंगर का प्रसाद आमजनों ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सरपंच खेमिन साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, महेश्वर बंछोर, खेमलाल साहू, जयंत साहू, तारेन्द्र बंछोर, त्रिभुवन यदु, राज बंछोर, मनोज देवाँगन, अशोक जैन, रोमन वैष्णव, अशोक देवांगन, कृष्ण कुमार साहू, लोकनाथ साहू, केंवरा साहू, कालेश्वर शुक्ला, अनिल बनपेला सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में विधि-विधान से हुई पूजा

**अंडा।** अयोध्या में बने राम मंदीर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सांई मानस परिवार अंडा द्वारा रामायण पाठ किया गया। थाना प्रभारी अंडा आनंदराम शुक्ला,



उपनिरिक्षक तुलसीराम साहू, एस.आई.सुंदर लाल नेताम, राघवेंद्र सिंह, दिनेश वर्मा, प्रधान आरक्षक धन्नू राम, बेजाभीन खलखो, लक्ष्मी नारायण पात्रे, कोसलेंद्र बघेल, नितेश कुमार कुर्रे, हिम्मत सिंह, कमल कांत अंगुरे, आकाश अवस्थी, महिला प्रधान आरक्षक जेस्मिका कुम्हारे, हेमलता ठाकुर, तृप्ति धुर्वे सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे। मंदिर के पुजारी महेन्द्र महाराज, मनोज यादव, राजू चन्द्राकर, घनश्याम नागवंशी, प्रखर साहू, रेखलाल साहू, रोशन साहू, बिसौहा साहू, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, गांव के वरिष्ठ नागरिक हेमेंद्र चंद्राकर सहित अंडा के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### जरवाय में श्रीराम मंदिर स्थापना



**भिलाई।** ग्राम जरवाय वार्ड नं 4 में श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चो द्वारा सुन्दर झांकी निकाल कर गांव में भ्रमण कर जय श्रीं राम का नारा लगा कर उत्सव मनाया गया। जिसमे गांव के महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### एसएनजी विद्यालय परिसर में प्राण प्रतिष्ठा

**भिलाई।** अयोध्या मे श्री राम लला की भव्य मंदिर मे हुई प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष मे भिलाई एसएनजी विद्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर में एक लाख आठ हजार दीपों के साथ मंदिर परिसर को सजाया गया। इस अवसर पर दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मलित हुए और दीप प्रज्जवलित किया। वहीं विशेष अतिथि नगर पालिक निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी ने भी दीप प्रज्वालित किया। एसएनजी समाज के अध्यक्ष व्ही के बाबू ने इस दीपोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



### अंडा सहित आसपास के गांवों में हुए आयोजन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, विनायकपुर, निकुम, आमटी, मासाभाट, आलबरस, जंजगिरी, चंदखुरी, मटिया, ओडारसकरी, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डंगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, देवरी ख, खप्परवाड़ा, आमटी, तिरगा, झोला, अंजोरा, रसमड़ा, गनियारी, बोरई सहित अन्य गांवों में बड़े ही धूमधाम से अयोध्या में विराजे रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन दीपावली के रुप में मनाया गया। ग्राम अंडा के गुड्डी चौक में भव्य कलश यात्रा और महाभंडारे के साथ महाप्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनीष चंद्राकर, अजीत चंद्राकर ,मनोज गोलू चंद्राकर, अजय चौहान ,संतोष निर्मलकर, मुकेश चंद्राकर, सुमन साहू, मनोज गुरुजी ,कमलेश चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, सुरेंद्र चंद्राकर ,वीरेंद्र चंद्राकर ,सुंदरलाल चंद्राकर सहित सैंकड़ों जन उपस्थित थे।

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने किया सुंदरकांड का सामूहिक पाठ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की भिलाई 3 चरोदा इकाई की ओर से रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया उत्सव



**भिलाई।** अयोध्या में श्री रामचंद्र के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बी वन कॉलोनी सेक्टर 6 भिलाई में सड़क 73 से 76 में बड़े हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत यहां श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना की गई। वहीं गोपेश्वरी देवी के मधुर भजनों में भक्त झूमते हुए भक्ति में दिखाई दिए। पुरषोत्तम सिंह ठाकुर जी भी उपस्थित थे। यह आयोजन को बीवन कॉलोनी वेलफेयर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। जिनमे उमा शंकर परघनिया, एवेंद्र सिंह चंदेल, राजू सिंह, दीपेश कुमार चुघ, मुन्ना उपाध्याय, योगी साहू, सौरभ दत्ता, वानखेड़े आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विधायक ने विभिन्न जगहों पर की पूजा अर्चना

**भिलाई।** सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर पूरे दुर्ग शहर में रामभक्ति का असर दिखा। इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव विभिन्न धार्मिक पंडालों एवं मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे। महाराजा चौक बोरसी में भण्डारा कार्यक्रम में भी पहुँचे और प्रसाद ग्रहण किया। विधायक ने सभी को बधाई दी उन्होने



कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भव्य राम म ंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। विधायक गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर के श्रीराम मंदिर गांधी चौक पंचमुखी मंदिर, शिव मंदिर लुचकी पारा, हनुमान मंदिर जैन गली, डिपरा पारा, काली मंदिर सिद्धार्थ नगर, हनुमान मंदिर जिला चिकित्सालय के सामने सहित नगर के विभिन्न मंदिरो ं में पूजा अर्चना की। वहीं हनुमान मंदिर जिला चिकित्सालय म ें टैक्सी य ूनीयन वालों के साथ बैठकर भंडारा का लाभ लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनायक नातु, वरिष्ठ भाजपा नेता चैन सुख भट्ट, कांतिलाल जैन, अशोक राठी , श्याम शर्मा, सत्यम शर्मा, तारकेश साह ू आदि उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में है लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ विशेष ऑफर

भिलाई। शहर के हृदय स्थल में स्थित ओम ज्वेलर्स शॉप 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने इंदिरा मार्किट दुर्ग ग्राहकों के हित के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको भारत सरकार द्वारा हुईड पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज देखने को मिलता है जिसमे नये या पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी के साथ गहने निश्चिंत होकर खरीदे जा रहे हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा व मंगलसूत्र की गुथाई निःशुल्क रहता है। कम मजदूरी व मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के पैसों के अनुरूप डिजाइन उपलब्ध रहता है। शादी के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी एक से बढ़कर एक वैरायटी का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री का ऑफर ग्राहकों को तत्काल दी जाती है। वहीं आपको सबसे चीप दर गहने प्रदान किया जा रहा है। नये पुराने सभी ग्राहक से अनुरोध है हमेशा शॉप पधारे। हमेशा नई डिजाइन उपलब्ध है।





### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर खुराना ने वृद्धाश्रम में बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी दुर्ग के उपाध्यक्ष अरविन्दर सिंह खुराना ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर पुलगांव में वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को मिठाई बांटी। श्री खुराना ने खुराना ने अपने उद्योग भिलाई इंजीनियरिंग वर्क्स में भी सभी वर्कर्स को



मिठाई वितरित कर ख़ुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर प्रधानमंत्री मोदी का सपना साकार हुआ है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अजय शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं उषा झा परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल

■ कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी

विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के संदेश के साथ रैली निकाली गई। कार्यक्रम में निबंध, ड्राइंग, मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं ने उत्साहित होकर भाग लिया। इस दौरान ग्राम धनोरा के सरपंच मनीष साहू, प्राचार्य नीलिमा




गजपाल एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं संचालित की गई है। कार्यक्रम में उपस्थित अंजोरा सेक्टर की पर्यवेक्षक द्वारा महिला बाल विकास विभाग के द्वारा बालिकाओं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक तृप्ति शर्मा द्वारा बालिकाओं को अभिशाप नही है वरदान है की बात कही गई। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में विद्धि साहू, द्वितीय स्थान में निषा साहू, तृतीय स्थान में संतोषी साहू, चित्रकला में प्रथम पाली साहू, द्वितीय मेघा टंडन, तृतीय नुतन साहू, महेंदी प्रतियोगिता प्रथम खेलेश्वरी, द्वितीय रिद्धि साहू, तृतीय अंजली मारकण्डे रही।

### सेंट थॉमस कॉलेज में हुआ प्रमाण पत्र कार्यक्रम का उद्घाटन

**भिलाई।** सिविल सर्विसेज एस्पिरेंट्स क्लब ने 'करियर ऑप्शन इन सिविल सर्विसेज' पर अपने पंद्रह दिवसीय प्रमाण पत्र कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रमाण पत्र कार्यक्रम का उद्देश्य डिग्री कार्यक्रम के साथ-साथ यूपीएससी और अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के विभिन्न पहलुओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। सिविल सर्विसेज एस्पिरेंट्स क्लब की संयोजक डॉ. शीजा वर्की ने



सभा का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने विशिष्ट अतिथि का अभिनंदन किया और कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. देबजानी मुखर्जी ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति रखने के लिए प्रेरित किया। यूपीएससी कोचिंग अकादमी के प्रोफेशनल संकाय विनय सिंह इस अवसर पर अतिथि वक्ता थे। उन्होंने भारत में सिविल सेवाओं के महत्व और इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले संभावित करियर पथ पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीदवारों को प्रेरित करने के लिए कई आईएएस अधिकारियों की वास्तविक जीवन की कुछ प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कीं। सेवा में कैरियर विकल्पों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने उम्मीदवारों से कई प्रश्न पूछे, उनसे सिविल सेवा में उनकी रुचि के बारे में पूछा और सिविल सेवा परीक्षा में विशेषज्ञता पेपर का चयन करने के लिए तैयारी कैसे करें। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति संतोष प्रमुख, प्रभारी समाजशास्त्र विभाग द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शुभा दीवान सहायक प्रोफेसर, जैव-प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। विभागों के प्रमुख, शिक्षक, सिविल सर्विसेज एस्पिरेंट्स क्लब के सदस्य और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राए उपास्थि थे। यह प्रमाणपत्र कार्यक्रम 31 जनवरी को समाप्त होगा।

### पतोरा गांव की एक पहल, देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग

# सोकपीट से उर्वरक उत्पादन परियोजना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम पंचायत पतोरा एवं मंचादुर का निरीक्षण करने गोवा राज्य से पत्रकारों की टीम ग्राम पंचायत पहुंची और वहां के कार्यो को देखकर प्रशंसा भी की। भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तहत छत्तीसगढ़ में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गोवा से पत्रकार यशवन्त, बी पाटिल दैनिक गामान्तक, नीरज बांदेकर गोवा न्यूज़ हब, रोहित वाडकर के दल द्वारा निरीक्षण किया गया।

पतोरा गांव में चल रही जल निकासी परियोजना पूरे देश का ध्यान खींच रही है। यह सोकपीट में मिट्टी से जैविक उर्वरक और स्वच्छ पानी का उत्पादन करने की एक अत्याधुनिक परियोजना है और देश में अपनी



तरह की पहली परियोजना है। इस नवाचार को पतोरा गांव की पंचायत ने अपनाया है, जबकि गांव के घर के सोकपीट में मिट्टी का क्या किया जाए, इसकी गंभीर समस्या है। पतोरा सरपंच अंजीता साहू ने बताया कि गंभीर प्रश्न यह था कि गाँव के शौचालयों का मल कहाँ ले जाया जाए। लेकिन इस प्रोजेक्ट ने उस समस्या का समाधान कर दिया है। इस परियोजना से न केवल खाद का उत्पादन हुआ है, बल्कि पानी का भी उत्पादन हुआ है और गांव दुर्गंध मुक्त हो गया है। आपकी पहल का अनुकरण अन्यत्र भी किया जाना चाहिए। एफएसटीपी प्लांट पतोरा गतिविधियों को क्रियान्वित करके देश के सामने एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। पतोरा गांव में इस गतिविधि का पतोरा केंद्र सरकार का लक्ष्य इस परियोजना को देश के पूरे ग्रामीण इलाकों में लागू करना है।

ब्लाक दुर्ग के मचांदुर में स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये हुए सामग्री की साबुन, फिनाईल, मशरूम उत्पादन की प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान राज्य स्तर राजेश वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी स्वप्न ध्रुव, सहायक परियोजना अधिकारी अरविंद ढीढी, ऋचा शर्मा डी.ई ओ, प्रवीन वर्मा, गिरीश माथूरे, गौरव मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी, डालिमलता कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### जस झांकी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही

भिलाई। मां कल्याणी शीतला मंदिर परिसर मरोदा में आयोजित लोककला महोत्सव के दूसरे दिन 'सुआ के बोली' नृत्य दल रानी सागर गुल्लू आरंग और जस झांकी परिवार पोटियाकला दुर्ग की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। तत्पश्चात विद्यादायिनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़ , सिध्दीविनायक जस झांकी परिवार सिरसाखुर्द दुर्ग जय श्रीकृष्ण गोकुलधाम अहीर राउत नाच पार्टी टुरीपार राजनांदगांव, दीया के अंजोर लोककला फाग मंडली पेंड्री राजनांदगांव ,जय मां सरस्वती रामधुनी परिवार दैहान बांधा बाजार और जय मां सरस्वती रामधुनी परिवार जय मारा देव मारिया जस झांकी परिवार पचपेड़ी भखारा धमतरी की प्रस्तुति हुई । आरंभ में सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, स्थानीय पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन ने कलाकारों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। शैलेंद्र शैली और आभार व्यक्त पूनम सपहा ने किया । इस अवसर पर समिति के संयोजक अध्यक्ष अरुण वर्मा ,पुन्नू यादव, रमेश वर्मा ,शंभू पटेल चोवाराम निषाद ,रामेश्वरी यादव अंजूलाल देशमुख ,विमल मानिकपुरी,मीडिया कर्मी सुरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### नेताजी सुभाष जयंती पर प्रभात फेरी आज

भिलाई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हर्ष वर्ष की तरह इस वर्ष भिलाई बंगाली समाज द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। प्रभात फेरी सुबह 8 बजे हुडको कालीबाड़ी मंदिर परिसर से निकाली जायेगी, जो नगर भ्रमण करते हुए सेक्टर 1 नेहरू कल्चरल हाउस में समाप्त होगी।

# एसएसजेएसएस के रक्तदान शिविर में 116 यूनिट रक्त एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेक्टर-5 स्थित बालाजी मंदिर के आंध्र भवन में रविवार को सांई नाथ जन सेवा समिति (एसएसजेएसएस) के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समिति के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर के आखिरी दिन 53 यूनिट समेत पूरे सप्ताह में 116 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर के आयोजन में आंध्र साहित्य समिति का विशेष सहयोग रहा, जबकि रक्त एकत्र करने के लिए बालाजी ब्लड बैंक की टीम तैनात थी। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों की समर्पित हस्तियों को राज्य स्तरीय सम्मान से भी नवाजा गया। सेवा सप्ताह के अंतिम दिन सबसे पहले एलडीआर चरण राज ने रक्तदान किया।

## समाज सेवा को समर्पित हस्तियां राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा

### युवाओं का दिखा उत्साह

समिति ने हफ्ते भर अलग-अलग स्थानों पर लगे रक्तदान शिविर में चंद्रा-मौर्या टॉकीज के पीछे बस्ती, सिविक सेंटर के नयनदीप नेत्र स्कूल, सेक्टर-3 के फील परमार्थ वृद्धाश्रम, सेक्टर-8 के स्नेह संपदा मानसिक विकलांग स्कूल, भिलाई-3 के दिव्य ज्योति नेत्रहीन स्कूल तथा शांति नगर के मदर टेरेसा आश्रम में अपनी सेवाएं दीं। इन सभी स्थानों में युवाओं ने रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बता दें कि सेवा सप्ताह में 116 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। शिविर के आखिरी दिन बड़ी स्क्रीन पर समिति द्वारा अब तक की गई सेवाओं की झलक दिखाई गई।



**प्राकृतिक आपदाओं में भी समिति रही आगे:** समिति के अध्यक्ष जी माधव राव ने बताया कि सभी त्योहारों में जरूरतमंदों और निराश्रितों के लिए हम भोजन की व्यवस्था करते हैं और उन्हें उपहार स्वरूप वस्त्रदान भी करते हैं। इसके अलावा समय-समय पर नेत्रहीनों के लिए ब्रेललिपि और मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए कपड़े और जूते उपलब्ध कराते हैं। प्राकृतिक आपदाओं सुनामी तथा केरल में बाढ़ से मची तबाही के वक्त भी पीड़ितों के लिए समिति ने फंड जुटाया था, जिसे बाद में कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कराया गया। इसके अलावा कोविड महामारी के दौरान पांच सौ से ज्यादा परिवारों के लिए राशन और मास्क का इंतजाम भी किया गया था।

### राष्ट्रीय स्तर पर दो बार सम्मान

शिविर की शुरुआत भगवान बालाजी एवं माताएं श्रीदेवी-भूदेवी के चित्र के समक्ष विष्णु केमिकल के उपाध्यक्ष एमवी राव, आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, महासचिव पीएस राव तथा सह-सचिव अकमु नायडू ने दीप प्रज्वलित कर की। शिविर के दूसरे चरण में अनाथ आश्रमों, वृद्धाश्रमों, नेत्रहीन आश्रमों, रक्तदान समितियों, समाज सेवी संस्थाओं के संचालकों तथा अंचल के पत्रकारों को राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर यह समिति दो बार सम्मानित हो चुकी है, जिसमें फिलहाल चालीस सक्रिय सदस्य हैं। पिछले सात वर्षों से समाज सेवा में जुटी समिति अब तक 15000 यूनिट रक्त एकत्र कर चुकी है।

## अधिकतर हो चुके जर्जर, छोटे मकानों में मुश्किल से हो रहा गुजारा

# टाउनशिप में 50 साल बाद भी नहीं बने नए आवास, खामियाजा भुगत रहे संयंत्रकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में संयंत्रकर्मचारियों को सालों बाद भी नए आवास नहीं बनाए जाने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सैकड़ों कर्मचारियों को आवासीय समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से नए आवास बनवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के सभी बीएसपी क्वार्टर भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना यानी साठ के दशक के बने हुए हैं। पचास साठ साल पुराने हो चुके इन मकानों में रहवासियों की कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तीस हजार मकानों में अधिकतर जर्जर हो चुके हैं या फिर काफी छोटे हैं। दोनों ही स्थितियों में यह पांच से सात परिजनों के साथ संयंत्रकर्मियों के रहने लायक नहीं रह गए हैं। सभी सेक्टरों में अधिकतर मकान पुराने होने से जर्जर हैं और बारिश में सीपेज के साथ पीछे सामने नाली से अंदर पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो जाती है । सीवेज, टायलेट जाम, खिड़की दरवाजे खराब, छज्जा गिरने और गर्मी मे तिमंजिला आवासों में ऊपर माले में पानी नहीं चढ़ने की समस्या भी बनी रहती है। यूनियनों ने बताया कि ऐसे ही परेशानियों को झेलते



ही संयंत्रकर्मी अपने परिवार के साथ इन मकानों में रहने मजबूर हैं। सालों बाद भी मकानों का मेंटनेंस नहीं किया गया है। सेक्टर 6 व सेक्टर 7 में अधिक जर्जर सौ से अधिक ब्लाकों को सुरक्षा की दृष्टि से गिराया जा चुका है। लेकिन ऐसे सैकड़ों ब्लाकों को अब तक नहीं ढहाया गया है। कई में कब्जाधारी व लीजधारी रह रहे हैं। सैकड़ों मकानों थर्ड पार्टी को आवंटित हैं। इक बड़ी समस्या पचास साल पूर्व बने मकाने इतने छोटे हैं कि कूलर फ्रीज आदि आज की सुविधाओं के के सामानों सहित परिवार के साथ कर्मी का गुजारा मुश्किल हो रहा है। अधिकतर मकान एक और दो कमरे के हैं।

### नए आवासों की दरकार

आवासीय समस्या के चलते कई बीएसपी कर्मियों को अच्छे मकान नहीं मिल पा रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक सालों से नए मकानों बनाए जाने की मांग की जा रही है। इसी तरह पुराने 18 आवास वाले ब्लाक को तोड़कर 8 या दस ब्लाक में परिवर्तित किए जाने की मांग की जा चुकी है। वहीं नए मकान निर्मित करवाने की मांग भी प्रबंधन से कई बार की जा चुकी है, ताकि सभी कर्मचारियों को अच्छे मकान मिल सकें। प्रबंधन द्वारा नए मकान बनवाने का आश्वासन भी पांच साल पहले दिया गया था। लेकिन आज तक नए मकान बने, न संधारण और न ही 18 मकान वाले ब्लाकों को दस में बदला गया। इस कारण सैकड़ों कर्मचारियों को परेशानी हो रही है।

**सैकड़ों आवेदन क्यू में:** अच्छे मकानों की मांग के लिए सैकड़ों बीएसपीकर्मियों के आवेदन प्रबंधन के पास जमा हैं। लेकिन अधिकतर को मकान हासिल करने लंबा इंतजार करना पड़ता है। यूनियनों के मुताबिक कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद खाली होने वाले आवास क्यू में लगे कर्मियों के लिए एक पहेली बने हुए हैं। यह मकान कब बाहर ही बारहह दूसरे कर्मचारी को मिल जाते हैं, उन्हें पता ही नहीं चलता। सब्जेक्ट टू वेकेशन के नाम पर बीच वाले दक्षिणा लेकर क्वार्टर अलाट करवा देते हैं। कर्मियों ने बताया कि बड़े अधिकारियो को हवा ही नहीं लगती। इसका खामियाजा कर्मियों के साथ थर्ड पार्टी के लोगों को भी भुगतना पड़ रहा है।

## फुटबॉल में तरूण व कल्याण इलेवन बराबर

# रोवर्स ने जीता मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग जिला सीनियर फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2023-24 के अंतर्गत पंत स्टेडियम में सोमवार का पहला मैच रोवर्स क्लब एवं युथ क्लब के बीच खेला गया। जिसमें रोवर्स क्लब ने 3-1 से जीत दर्ज किया। रोवर्स क्लब की ओर से जर्सी नंबर 7 टीनू राई, जर्सी नंबर 14 देवेश एवं जर्सी नंबर 25 हरप्रीत सिंह तीनो ने एक-एक गोल किया। युथ क्लब के लिये एकमात्र गोल रोवर्स क्लब के ही जर्सी नंबर 44 रौनक ने आत्मघाती गोल किया।

दूसरा मैच तरुण डेल्टा एवं कल्याण इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें कल्याण इलेवन की टीम ने 1-1 की बराबरी पर छूटा, कल्याण इलेवन की ओर से जर्सी नंबर 12 कुणाल निषाद ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई लेकिन खेल के अंतिम क्षणों में तरुण डेल्टा की ओर से जर्सी नंबर 17 अनुराग सिंह ने गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। मंगलवार को दो मैच खेले जायेंगे पहला मैच दुर्ग हीरोज़ एवं न्यू मशाल क्लब एवं दूसरा मैच बीएमवाय चरोदा एवं बीएसपी एफसी के मध्य खेला जायेगा।

आज के मैच के रेफ़री रविन्द्र कुमार, विक्टर जॉर्ज, अलिफ शाहजमाँ, पियस, सत्यजीत, अमन कुमार एवं मीनाक्षी नेताम थे।

# अपराधियों के अवैध कब्जों पर चलेगा बुलडोजर: सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रविवार रात बारहवीं के छात्र शिवम साव की चाकू घोंपकर हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सूचना पर मृतक के परिजनों से मुलाकात करने विधायक रिकेश सेन ने पहुंचर ढांढस बंधाया। मोहल्ले के लोगों ने विधायक से बताया कि शाम से ही देर रात तक तेज बाइक चलाकर आसामाजिक तत्व आए दिन कटर से हमला कर रहे हैं। प्रतिबंधात्मक नशीली गोलियों का सेवन आसामाजिक तत्वों द्वारा किया जाता है। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल छावनी थाना प्रभारी से चर्चा कर गश्त तेज करने और क्षेत्र के ऐसे आसामाजिक तत्वों की पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने निर्देश दिया। श्री सेन ने कहा कि ऐसी अपराधिक घटनाएं कारित करने वालों में कानून का भय लाना जरूरी है। उन्होंने निगम अधिकारियों से चर्चा कर अपराधिक घटनाओं में शामिल लोगों का खाका तैयार कर लोगों के अवैध निर्माण और कब्जों पर बुलडोजर चलवाने निर्देशित किया। श्री सेन ने कहा कि बड़े अपराधों में संलप्ति लोगों में जब तक शासन प्रशासन कानून का भय नहीं होगा ये अपराध करते रहेंगे।



■ मृतक शिवम के परिजनों से की मुलाकात

# सेक्टर-9 मानव परिसर में लगेगी भगवान हनुमान की विशाल प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेक्टर-9 हनुमान मंदिर बहुत ही सिद्ध मंदिर है। यहां लगातार भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर विधायक देवेंद्र ने यह पहल किया कि सेक्टर-9 हनुमान मंदिर परिसर के समय मानव परिसर में हनुमान की दुर्ग जिले की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और विधि-विधान से पूजा किया जाएगा।



■ विधायक देवेंद्र ने की है पहल

### खुर्सीपार में श्रीराम चौक का भी किया है निर्माण

श्री यादव ने अपने कार्यकाल में खुर्सीपार में श्रीराम चौक का भी निर्माण कराया है। अयोध्या में श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शाम 6 बजे भव्य आरती एवं भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

# देवांगन समाज ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, सीएमएचओ डॉ. जेपी मेश्राम , सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर ए के साहू के निर्देशानुशार जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीजों के लिए आपात स्थिति को देखते हुए दुर्ग जिला देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी आश्रम बघेरा में रक्तदान दिया। 19 यूनिट बहुमूल्य रक्त एकत्रित किया गया। दुर्ग जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. नेहा नलवाया के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शिविर हुआ। देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी आश्रम बघेरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 58 यूनिट बहुमूल्य रक्त एकत्रित किया गया।



## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में हुए विविध आयोजन

### लघु भारत हुआ राममयः पांडेय



**भिलाई।** अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लघु भारत भिलाई सोमवार राममय हो गई है। चारों ओर भगवा के साथ जय श्रीराम के नारे गुंजायमान हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय भिलाई में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने इस ऐतिहासिक क्षण पर हर्ष जताते हुए कहा कि 5 सदियों के लबे इंतजार के बाद रामलला अपने मंदिर में विराजे हैं, इससे सुखद कुछ नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से यह शुभ कार्य सम्पन्न हुआ। निश्चित ही यह ऐतिहासिक दिन है जिसे भव्य रूप से हम सभी मनाएंगे और श्रीराम ज्योति से अपने घरों को रोशन करेंगे। पाण्डेय सोमवार को न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 में आयोजित शोभायात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान भगवान राम के जयकारों से पूरा माहौल भक्ति में हो गया। भगवान राम के शोभायात्रा के दौरान भगवान राम के भजन कीर्तन पर राम भक्त जमकर थिरके। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान राम भक्तों ने जमकर आतिशबाजी की। श्री पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है यह क्षण हमें यूं ही नहीं मिला है। इसमें अनेक राम भक्तों की वर्षों की तपस्या, संघर्ष एवं बलिदान है। हम लोग बड़े ही सौभाग्यशाली हैं जो आज इस ऐतिहासिक और दिव्य क्षण के साक्षी बन रहे हैं। बड़े गर्व व सौभाग्य की बात है कि 500 वर्ष के इंतजार और कलियुग के वनवास के बाद हमारे प्रभु श्री रामलाल अपने भव्य और दिव्य मंदिर में पधार रहे हैं। आज केवल अयोध्या नगरी ही नहीं बल्कि पूरे देश राममय होगा। देश के जन-जन में उमंग व उत्साह है वह दर्शाता है कि लोगों को वर्षों पुराना सपना अब पूरा हुआ है।

### दुर्ग जेल में भी बही भक्ति की बयार



भिलाई। केंद्रीय जेल दुर्ग में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल पर भजन कीर्तन के साथ अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई गई। महिला और पुरुष जेल को बंदनवार से सजा कर सभी बंदी कान्हा महाराज के भजन पर घंटों झूमते रहे। जेल अधीक्षक आरआर राय सहित आयोजन में सभी बंदी शामिल हुए। विधायक सेन ने कहा कि रामलला की 500 वर्षों बाद वापसी की खुशियां पूरा देश अपने-अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से मना रहा है। ऐसे में उन्हें जेल के बंदियों का ख्याल आया अतः इस ऐतिहासिक क्षण को सेलिब्रेट करने विधायक होने के नाते वो केंद्रीय जेल पहुंचे हैं। ताकि वहां भी भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां पहुंच सके और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को अपना कर सभी क्रोध और अपराध से दूर रहे। महिला जेल में शाहिद आरीफ ने भजन गाए जबकि पुरुष जेल में कान्हा महाराज के भजन से सभी झूमने लगे। जेल परिसर स्थित श्रीराम दरबार, कृष्ण और मां दुर्गा मंदिर में विशेष हवन पूजन और आरती कर सभी ने जयकारे लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

### पार्षदों ने अटल व वांबे आवास में बांटे दीये व मिठाई



**भिलाई।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह संपन्न हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मुख्य यजमान के तौर पर की है। सोमवार की रात महादिवाली की तैयारी के बीच भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह के साथ भाजपा पार्षदों ने खुर्सीपार के अटल आवास व वांबे आवास के लोगों को दिया, बाती, तेल व मिठाई का वितरण किया। दया सिंह के साथ सभी पार्षदों ने यहां के निवासियों से महादिवाली मनाने का आह्वान किया। इस मौके पर सेक्टर-4 की पार्षद ईश्वरी नेताम, वार्ड 33 की पार्षद सरीता बघेल, वार्ड 40 की पार्षद गिरीजा बंछोर, सेक्टर-1 की पार्षद शकुंतला साहू सहित युवा मोर्चा से पवन मिश्रा, प्रमोद सिंह, भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा, सुनील अग्रवाल, विजेन्द्र मिश्रा, संतोष चौहान, प्रदीप पाण्डेय, विनय शर्मा, तारण शर्मा, अखिलेश तिवारी, सुभाष तिवारी, अजीत यादव, दीपक सोनी, पुष्पा राव आदि ने अपना योगदान दिया।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

